राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर
कोर्स रिपोर्ट
“साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर”
Date 04-04-2022 to 08-04-2022 Course No. 11, Under CCPWC Project

राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर में प्रशिक्षण निदेशालय, राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार मिनिस्ट्री ऑफ हॉम अफेयर्स द्वारा प्रायोजित सीसीपीडब्ल्यूसी स्कीम के तहत “साइबर क्राइम इनवेस्टीगेशन प्रोग्राम फॉर पुलिस ऑफिसर” विषय पर दिनांक 04-04-2022 से 08-04-2022 तक 5 दिवसीय कोर्स आयोजित किया गया।

मुझ कोर्स निदेशक संदीप सारस्वत, उप अधीक्षक पुलिस, आरपीए, जयपुर तथा सहायक कोर्स निदेशक श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा कोर्स का सफल आयेजन करवाया गया। इस कोर्स में राजस्थान के विभिन्न जिलों से कुल 18 प्रतिभागियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें 03 पुलिस निरीक्षक तथा 15 उप-निरीक्षक रैंक के अधिकारी शामिल हुए।



इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कैलाश चन्द्र, उप महानिरीक्षक पुलिस, राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर द्वारा किया गया। श्रीमान् द्वारा उदबोधन में साइबर क्राइम के बढते अपराधों तथा उनके रोकथाम व जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण पूर्व सभी प्रतिभागियों का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन किया गया। साथ ही प्री कोर्स मूल्यांकन परीक्षा ली गयी।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आरंभ श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा किया गया, जिसमें साइबर अपराधों के बारे में बताया। इसके बाद द्वितीय सत्र में सोशल मिडिया अपराधों के अनुसंधान व केस स्टडी की जानकारी साझा की गयी, साथ ही साइबर क्राइम विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों के विरूद्ध होने वाले साइबर अपराधों के बारे में बताया गया। बाद दोपहर श्री मुकेश चौधरी,साइबर एक्सपर्ट द्वारा आईपी, वेबसाईट व ईमेल अनुसंधान विषय पर जानकारी साझा की गयी।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिन प्रथम सत्र में श्री रितेश शर्मा, बैकिंग एक्स्पर्ट के द्वारा वित्तीय अपराधों में वित्तीय धोखाधड़ी विषय पर अध्यापन करवाया गया तथा द्वितीय सत्र में वित्तीय धोखाधड़ी के संबंध में सिमुलेशन एक्सरसाईज करवायी गयी। इसके बाद तीसरे सत्र में श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा मोबाईल फोन, सेटेलाईट फोन, जीपीएस डिवाईस आधारित अनुसंधान, फोन व सिम कार्ड तलाशी व जब्ती में रखी जाने वाली सावधानियॉ व जीपीआरएस लॉग्स विषय पर जानकारी दी गयी। इसके बाद श्री मनोज रमन, जूनियर साइबर फोरेन्सिक कन्सलटेंट, आरपीए द्वारा ही क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय पर जानकारी दी गयी व सीन ऑफ क्राइम मेनेजमेंट विषय पर सिमुलेशन एक्सरसाईज व ग्रुप डिस्कशन करवाया गया।

प्रशिक्षण के तृतीय दिवस सभी प्रतिभागियों को एफएसएल ले जाया गया जहॉ श्री विश्वास भारद्वाज, असिस्टेंट डायरेक्टर, एफएसएल जयपुर द्वारा क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय पर घटना स्थल के सुरक्षित करने, निरीक्षण व तैयार किये जाने

वाले दस्तावेजों के संबंध में जानकारी दी गयी व बाद दोपहर क्राइम सीन मेनेजमेंट विषय मे ही घटना स्थल पर तलाशी पूर्व की तैयारीयों व जब्ती व दस्तावेजों तथा आवश्यक फोरेन्सिक संसाधनों की विस्तृत जानकारी भी दी गयी।

प्रशिक्षण के चतुर्थ दिवस प्रथम व द्वितीय सत्र में श्री उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा साइबर कानून विषय की जानकारी दी गयी तत्पश्चात साइबर अपराधों के अनुसंधान में आ रही चुनौतियों से कैसे निपटा जाये विषय पर जानकारी दी गयी। इसके बाद श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा देश से बाहर बैठकर किये जाने वाले साइबर अपराधों का कैसे अनुसंधान किया जाना है के बारे में जानकारी साझा की गयी। बाद दोपहर सत्र श्री महेन्द्र, पुलिस निरीक्षक, सीआईडी(सीबी), जयपुर द्वारा लिया जाकर मोबाईल फोन, सेटेलाईट फोन, जीपीएस डिवाईस आधारित अनुसंधान, फोन व सिम कार्ड तलाशी व जब्ती में रखी जाने वाली सावधानियॉ व जीपीआरएस लॉग्स विषय पर जानकारी दी गयी।

अतिंम दिवस प्रथम व द्वितीय सत्र में श्री दीपक उपाध्याय, साइबर एक्सपर्ट द्वारा साइबर अपराध के अनुसंधान में सूचनाएं एकत्र करने के संबंध में जानकारी साझा की गयी व सिमुलेशन एक्सरसाईज व ग्रुप डिस्कशन करवाया गया तथा अंतिम सत्र में श्री यतीन्द्र कुमार, पुलिस निरीक्षक, आरपीए द्वारा समस्त प्रतिभागियों से समग्र कोर्स का मूल्यांकन प्रपत्र भरवाया जाकर प्रशिक्षणोपरान्त सभी की पोस्ट प्रशिक्षण मूल्यांकन परीक्षा भी ली गयी। सम्पूर्ण कोर्स में प्रतिभागियों को Hands on excerise भी करवाई गई। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षणोपरान्त एक पेन ड्राईव में प्रशिक्षण के दौरान पढाया गया तथा एमएचए द्वारा उपल्बध करवायी गयी प्रशिक्षण अध्ययन सामग्री प्रतिभागियों को उपलब्ध करवायी गयी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस दिनांक 08-04-2022 को 04.45 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन -समारोह अकादमी स्थित, सीसीपीडब्ल्यूसी लैब में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि श्री भूपेन्द्र यादव, सहायक निदेशक (प्रशासन), आरपीए द्वारा समापन उद्बोधन दिया जाकर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में मुझ कोर्स निदेशक द्वारा मुख्य अतिथि व कोर्स के संचालन में सहभागियों एवं सम्पूर्ण प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित कर कोर्स समाप्ति की घोषणा की गई।

भवदीय,

(संदीप सारस्वत)
उप अधीक्षक पुलिस एवं
कोर्स निदेशक, (CCPWC)
आर.पी.ए. जयपुर